		सभी निर्माणाधीन कार्यो पर काम करने वाले श्रमिकों/कर्मचारियों की संवेदकों को संवेदकों द्वारा पानी एवं छाया के लिये पांबद किया गया है तथा श्रमिकों को मेडिकल की व्यवस्था भी कार्यस्थल में रखने के निर्देश दिये गये हैं।
		श्रमिकों हेतु सभी निर्माणाधीन कार्यो पर संवेदकों एवं ब्लॉक स्तर पर ओ.आर.एस. एवं शुद्व पेयजल की व्यवस्था की गई है।
		हैण्डपम्पों के लिये खण्ड स्तर पर मोनिटरिंग कर मरम्मत किये जा रहे है।

		शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल व्यवस्था की जा रही है। किसी गांव /शहर में पेयजल समस्याग्रस्त क्षेत्र में टैंकरों से व्यवस्था के निर्देश खण्ड कार्यालय को दिये गये है। नये नलकूप एवं हैण्डपम्प के कार्य भी स्वीकृत करवाये गये हैं, जिन्हें 15 मई तक पूर्ण कर लिये जायेगें।
		विभाग द्वारा सभी कुंओं एवं बोरवेल से पानी की सप्लाई करने हेतु खण्ड एवं ब्लॉक स्तर पर निर्देश दिये गये है।
07	अधीक्षण अभियन्ता, जोधपुर विधुत वितरण निगम लि० सिरोही	पेयजल व्यवस्था के लिए सभी सहायक अभियन्ताओं को विद्युत आपूर्ति व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दे दिये गये है जिससे पेयजल व्यवस्था बाधित न हो।
		सभी सहायक अभियन्ताओं को निर्देश दिये है कि निर्माणाधीन कार्यों पर काम करने वाले श्रमिकों /स्टॉफ को गर्मी के मौसम में किसी भी प्रकार की समस्या न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जावे।
		श्रमिकों एंव कार्यरत स्टॉफ हेतु पानी एवं दवाईया उपलब्ध करवाने के भी निर्देश दे दिये गये है।
08	मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सिरोही	सभी चिकित्सा संस्थानों पर एक्शन प्लान के तहत हीट वेव से मरीज को बचाने के लिए समस्त व्यवस्था सुनिश्चित कर दी गई है।
		सभी चिकित्सा संस्थानों पर पानी, बिजली, कूलर, पंखे/एसी आवश्यकतानुसार उपलब्ध है तथा जिला अस्पताल में 20, सामुदायिक स्वा. केन्द्र में 10 एवं प्रत्येक प्रा.स्वा.केन्द्र पर 2-2 बेड आरक्षित रखे गये है।
		पृथक आरक्षित किये गये वार्ड में उपरोक्त व्यवस्था उपलब्ध है।
		इन्वर्टर/जनरेटर की व्यवस्था उपलब्ध है।
		समस्त चिकित्सा संस्थानों पर पर्याप्त मात्रा में दवाईया उपलब्ध है।
09	मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, सिरोही	जिले के समस्त राजकीय एवं गैर राजकीय विद्यालयों में पीने के पानी की पर्याप्त व्यवस्था हेतु समस्त सीबीईयों/पीईबीओं को निर्देश प्रदान किये गये है।
		समस्त सीबीईओं/पीईईओं को अपने-अपने क्षैत्राधिकार के नजदीक चिकित्सालय से परस्पर समन्वय स्थापित कर आवश्यक दवाईयों, मेडिकल किट, प्राप्त करने हेतु निर्देश प्रदान किये गये।
		विद्यालयों में छात्रों को धुप में नही बिठाने एवं छात्रों को छाया में बैठने की व्यवस्था हेतु समस्त सीबीईओं/पीईईओं को निर्देशित किया गया।
		जिले में अत्यधिक हीटवेव होने पर समस्त सीबीईओं/पीईईओं को निर्देशित किया गया हैं कि स्कूल के समय परिवर्तित संबंधी अनुमति हेतु सीबीओंके माध्यम से जिला कलक्टर, सिरोही को प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया गया।
10	संयुक्त निदेशक, पशुपालन विभाग, सिरोही	इस कार्यालय के पत्रांक 5830 दिनांक 08.04. 2025 के द्वारा समस्त गौशालाओं को पशुओं को ग्रीष्म ऋतु में जल आपूर्ति एवं हीट-वेव से बचाव हेतु गोपालन विभाग द्वारा प्राप्त दिशा निर्देश (एडवाईजरी) की बिन्दु वार पालना करने हेतु निर्देशित किया गया है।
		समस्त संस्था प्रभारियों को विभाग द्वारा जारी की गई दिशा निर्देश (एडवाईजरी) की पालना करने हेतु निर्देशित किया गया है।
		समस्त संस्था प्रभारियों को विभाग द्वारा जारी की गई दिशा निर्देश (एडवाईजरी) की पालना करने हेतु निर्देशित किया गया है।
		प्रेस नोट जारी कर दिया गया है।
		गौशाला में पानी की पर्याप्त सुविधा (स्वयं का ट्युबवेल) की व्यवस्था है।
		आपातकालीन बजट से आवश्यक औषधियां कय करने की मांग निदेशालय भिजवा दी गई है।
		पशुओं को ग्रीष्म ऋतु में जल आपूर्ति एवं हीट-वेव से बचाव हेतु आवश्यक औषधियों की आपूर्ति समस्त संस्थाओं को करवा दी गई है।
11	कृषि विभाग	विभाग द्वार परिसर में परिंडे लगवाये जा रहे है।
		किसानों के लिये कार्यालय में अतिरिक्त पानी के केम्पर की व्यवस्था सुनिश्चित कर ली गई है।
		फिल्ड कार्मिकों को पौधें लगाने हेतु निर्देश दिये गये एवं फिल्ड भ्रमण के दौरान सिर पर कपडा रखने की सलाह दी गई है।
		फिल्ड कार्मिकों द्वारा इस हेतु किसानों को सुझाव दिये जा रहे है।
		इस हेतु फिल्ड कार्मिको द्वारा किसानों को सुझाव दिये जा रहे है।
		इस हेतु फिल्ड कार्मिको द्वारा किसानों को सुझाव दिये जा रहे है।
		आवश्यक दवाईया एवं मेडिकल किट की व्यवस्था सुनिश्चित कर ली गई है।

12	श्रम विभाग	जिले में आद्योगिक/अन्य संस्थानों/निर्माण कार्यस्थलों पर कार्यरत श्रमिको को बिमारी, लू–तापघात से बचाव का कारगर प्रबन्ध करवाये जाने के लिये नियोजक को पाबंद करने हेतु निर्देश दिये गये तथा स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने एवं किसी हालत में पानी की गुणवत्ता से समझोता नही किये जाने हेतु पाबंद किया गया। माह मई–जून में दोपहर 12.00 बजें से 3.00 बजें तक लू–ताप का प्रभाव सर्वाधिक होने से श्रमिकों के कार्य समय को पुनः निर्धारित कर लू–ताप से बचाव हेतु निर्देशित किया गया।
		इस सम्बन्ध में कार्यालय श्रम कल्याण अधिकारी सिरोही द्वारा दिनांक 15.04.2025 को प्रेस विज्ञप्ति जारी की गई। इस प्रेस विज्ञप्ति के आधार पर समाचार पत्रों में हीटवेव के बारे में खबर का प्रकाशन दिनांक 16.04.2025 को हुआ।
		स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने एवं किसी हालत में पानी की गुणवत्ता से समझोता नही किये जाने हेतु पाबंद किया गया तथा केन्टिन, रेस्टरुम, पीने का पानी, लेट्रीन, यूरिनल एवं प्राथमिक चिकित्सा की सुविधाऐं नियोजक एवं ठेकेदारों द्वारा उपलब्ध कराये जाने हेतु पांबद किया गया। गर्मी के समय में मौके पर आवश्यक दवाईयों एवं आवश्यकता पडने पर तुरन्त उपलब्ध होने वाले नर्स एवं कम्पाउण्डर की व्यवस्था हेतु चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग से समन्वय कर श्रमिकों का हेल्थ चेक–अप करवाये जाने हेतु निर्देश दिये गये।
13	निरीक्षक, कारखाना एण्ड बोयलर्स सिरोही	ग्रीष्म ऋतु के दौरान ऐसे श्रमिक, जो सीधे सूरज की तेज धुप में काम करते हैं, उनके लिये छाया की व्यवस्था कर दी गई है।
		कार्य स्थलों में समुचित स्थानों पर पीने के पानी की पर्याप्त सुविधा उपलब्ध करा दी गई है।
		ग्रीष्म ऋतु के दौरान बचाव हेतु श्रमिकों के लिये आपातकालीन आइस–पैक और गर्मी की रोकथाम सामग्री उपलब्ध करा दी गई है।
		ग्रीष्म ऋतु के दौरान श्रमिकों के स्वास्थ्य की जांच सुनिश्चित करा दी गई है।
		कार्य स्थल पर पर्याप्त वेंटिलेशन की सुविधा उपलब्ध करा दी गई है।
		श्रमिकों को अत्यधिक गर्मी एवं आर्द्रता से होने वाले खतरों और उपचारात्मक उपायों से अवगत कराना सुनिश्चित करा दिया गया है।
14	आयुक्त/अधिशाषी अधिकारी,नगर पालिका पालिका	**शिवगंज:–** जिला प्रशासन/जन स्वास्थय अभियांत्रिकी विभाग से समन्वय स्थापित कर गर्मियों के मौसम में ताप घात (हीट वेव) से आगजन एवं पशु पक्षियों के बचाव हेतु पेयजल व्यवस्था को सुचारू रखने हेतु आमजन की सहायता हेतु पालिका कार्यालय में नियंत्रण कक्ष स्थापित कर दिया गया है जिसके दूरभाष नंबर का प्रकाशन कर दिया गया है साथ ही दूरभाष पर प्राप्त होने वाली सूचना को रजिस्टर में इन्द्राज कर सूचना को निस्तारण हेतु संबधित को सूचना प्रेषित की जाती है। **नगर परिषद सिरोही–** आमजन एवं पशु पक्षियों के तापघात से बचाव हेतु पेयजल व्यवस्था को सूचारु न रखने हेतु नगर परिषद कार्यालय में नियंत्रण न कक्ष स्थापित गया है। जिसका दूरभाष नम्बर 02972–222123 है। **पिण्डवाड़ा–** पालिका द्वारा मौसम में ताप घात (हीट वेव) से आमजन एवं पशु पक्षियो के बचाव हेतु पेयजल व्यवस्था को सुचारू रखने हेतु व्यवस्था कर दी गई एवं आमजन की सहायता हेतु नियन्त्रण कक्ष स्थापित कर दिया गया है। **आबूरोड–** हिट वेव 2025 के मध्यनजर नगरपालिका आबूरोड के कर्मचारियों एवं आमजन हेतु कार्यालय में ठण्डे पेय एवं छाया हेतु टेन्ट की व्यवस्था करवाई जा रही हैं। **आबूपर्वत–** आपदा कक्ष कंट्रोल रूम मोबाइल नम्बर 8306091122
		शिवगंज– नगर पालिका क्षेत्र में आम चौराहो व मुख्य बाजार में आगजन के पेयजल हेतु भामाशाह द्वारा पानी के केम्पर/मटको की व्यवस्था वर्तमान में सूचारू है। **नगर परिषद सिरोही–** नगर परिषद क्षेत्र में चौराहो पर आमजन के . लिये पेयजल हेतु पानी कैम्पर/मटको की व्यवस्था की गयी है। **पिण्डवाड़ा–** पालिका द्वारा पालिका क्षेत्र में चौराहो पर आमजन के लिये पेयजल हेतु पानी कैम्पर/ मटको की व्यवस्था कर दी गयी हैं। **आबूरोड–** हिट वेव 2025 के मध्यनजर नगरपालिका आबूरोड द्वारा बस स्टेण्ड, रेल्वे स्टेशन एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, आकराभट्टा, आबूरोड परिसर में यात्रियों एवं आमजन हेतु पेय जल (छाछ, पानी व ज्यूस) एवं छाया हेतु टेन्ट की व्यवस्था हेतु संवेदक को कार्यादेश जारी किया जा चुका हैं। **आबूपर्वत–** कार्यालय द्वारा पालिका क्षेत्र मे विभिन्न स्थानो पर प्याऊ व वॉटर एटीएम लगवाये गये हैं।
		शिवगंज– नगर पालिका द्वारा नरेगा कार्मिको के बैठने हेतु राहत स्थल पूर्व में स्थापित है साथ ही पेयजल हेतु पानी के केम्पर की व्यवस्था पालिका द्वारा कर दी गई है। **नगर परिषद सिरोही–** नगर परिषद द्वारा आमजन को लू तापघात से बचाव हेतु बस स्टेण्ड पर टेण्ट लगाकर लोगों के बैठने हेतु कुलर, कुर्सीया लगाई गयी है। और पेयजल हेतु कैम्पर की व्यवस्था की गयी है। **पिण्डवाड़ा–** पालिका द्वारा टेन्ट लगा दिया गया है एवं भामाशाह द्वारा पेयजल की व्यवस्था की गयी हैं साथ ही बैठने की समुचित व्यवस्था कर दी गयी हैं।

		आबूरोड– हिट वेव 2025 के मध्यनजर रखते हुए मुख्यमंत्री शहरी रोजगार गारण्टी योजना के अन्तर्गत लगे श्रमिकों को छाया मे ही कार्य करवाया जा रहा हैं। **आबूपर्वत–** वर्तमान में गेस्ट हाउस में रेनबसेरा सचालित है।
		शिवगंजः– नगर पालिका क्षेत्र में भामाशाहो व पालिका के सहयोग से पालिका स्तर पर उद्यानो एवं उपर्युक्त स्थानो पर आवश्यकतानुसार पक्षियो के पानी पीने हेतु परिण्डे लगाया जाना प्रस्तावित है जो शीघ्र ही लगवा दिये जायेगें। **नगर परिषद सिरोही–** नगर परिषद सिरोही स्तर पर उद्यानों एवं उपयुक्त स्थानों पर आवश्यकता अनुसार पक्षीयों के पानी पीने हेतु परिण्डे लगाये गये है। **पिण्डवाडा–** पालिका द्वारा अपने स्तर एवं भामाशाहो के सहयोग से उद्यानो एवं उपयुक्त स्थानो पर आवश्यकता अनुसार पक्षीयो के पानी पीने हेतु परिण्डे लगा दिये गये हैं। **आबूरोड–** हिट वेव 2025 के मध्यनजर पशु पक्षियों हेतु शहर में विभिन्न स्थानों एवं उद्यानों में पीने के पानी हेतु परिंडे लगाये जावेगा। **आबूपर्वत–** स्थानीय क्षेत्र में पक्षियों के पानी के लिए आवश्यकता अनुसार परिण्डे लगाये जा रहे है।
		शिवगंजः– नगर पालिका क्षेत्र में पालिका द्वारा गौशालाओ का समय–समय पर निरिक्षण करना व चारे–पानी एवं दवाई की व्यवस्था संबधित कार्य वर्तमान में प्रक्रियाधीन है। **नगर परिषद सिरोही–** गौशालाओ का समय–समय पर निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान चारे पानी एवं दवाईयों की व्यवस्थाएँ निरन्तर देखी जा रही है। **पिण्डवाडा–** नगर पालिका क्षेत्र में कोई भी गौशाला संचालित नही हैं, आस पास की गौशाला में चारे पानी हेतु समुचित व्यवस्था आवश्यकता होने पर कर दी जायेगी। **आबूरोड–** हिट वेव 2025 के मध्यनजर पशु पक्षियों हेतु शहर में विभिन्न स्थानों एवं उद्यानों में पीने के पानी हेतु परिंडे लगाये जावेगा। **आबूपर्वत–** आवश्यकता अनुसार कार्यवाही कि जा रही है।
		शिवगंजः– नगर पालिका क्षेत्र में लगे हुए पेड–पौधों को प्रतिदिन पालिका द्वारा टैंकरों से पानी की आपूर्ति की जा रही है। **नगर परिषद सिरोही–** परिषद क्षेत्र में लगे हुये पेड–पौधों को प्रतिदिन टैंकरों द्वारा पानी पिलाने की व्यवस्था की गयी है। **पिण्डवाडा–** पौधो को प्रतिदिन टैंकरो द्वारा पानी की आपूर्ति की जाती है। **आबूरोड–** हिट वेव 2025 के मध्यनजर आवश्यकता पडने पर नगरपालिका आबूरोड द्वारा अग्निशमन वाहन एवं जेटिंग मशीन के द्वारा मुख्य बाजार में पानी का छिडकाव किया जावेगा। **आबूपर्वत–** नगरपालिका क्षेत्र लगे पेड पौधे को टेकरो श्द्वारा पानी समय–समय पानी पिलाया जाता है।
		शिवगंजः– पालिका क्षेत्र में स्थित बस स्टेण्ड में छाया पानी की भामाशाहो द्वारा माकुल व्यवस्था की जा रही है। **नगर परिषद सिरोही–** आमजन हेतु छाया पानी के लिये टेण्ट व कैम्परो की व्यवस्था की गयी है। **पिण्डवाडा–** पालिका द्वारा बस स्टेण्ड सिगढ़ी गंड एवं पिण्डवाडा पर छाया पानी की माकुल व्यवस्था कर दी गयी हैं। **आबूरोड–** हिट वेव 2025 के मध्यनजर नगरपालिका आबूरोड द्वारा बस स्टेण्ड, रेल्वे स्टेशन एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, आकराभट्टा, आबूरोड परिसर में यात्रियों एवं आमजन हेतु पेय जल (छाछ, पानी व ज्यूस) एवं छाया हेतु टेन्ट की व्यवस्था हेतु संवेदक को कार्यादेश जारी किया जा चुका हैं। **आबूपर्वत–** बस स्टेण्ड पक्का भवन निर्मित होने से बस स्टेण्ड पर यात्रियो के लिए छाया कि व्यवस्था बनी रहती है।
		शिवगंजः– नगर पालिका क्षेत्र भीषण गर्मी मे को मध्यनजर रखते हुए पालिका द्वारा पानी टैंकरो व अन्य मशीनरी द्वारा शहर की मुख्य सडको पर पानी का छिडकाव समय–समय पर किया जाता है। **नगर परिषद सिरोही–** पानी टैंकरो व अन्य मशीनरी द्वारा शहर की मुख्य सडकों पर पानी का नियमित छिडकाव करने की व्यवस्था की गयी है। **पिण्डवाडा–** पालिका द्वारा नगर पालिका क्षेत्र में भीषण गर्मी को देखते हुये पानी टेंकरों द्वारा मुख्य राडको पर पानी का छिडकाव किया जा रहा है। **आबूरोड–** हिट वेव 2025 के मध्यनजर आवश्यकता पडने पर नगरपालिका आबूरोड द्वारा अग्निशमन वाहन एवं जेटिंग मशीन के द्वारा मुख्य बाजार में पानी का छिडकाव किया जावेगा। **आबूपर्वत–** आयुपर्वत क्षेत्र पर पर्यटन क्षेत्र में गर्मी कम रहने के कारण टेकरों कि आवश्कता कम रहती है।
		शिवगंजः– नगर पालिका द्वारा कार्यरत श्रमिको, सफाई कार्मिको एवं रैन बसेरो में ओ.आर.एस. एवं फर्स्ट एड किट वितरण हेतु उक्त सागग्री क्रय की जा रही है। **नगर परिषद सिरोही–** मुख्यमंत्री शहरी रोजगार योना के तहत कार्य कर रहे श्रमिको एवं परिषद सफाई कार्मिको एवं रैन बसेरों में ठहरे लोगो हेतु ओ.आर.एस. एवं फर्स्ट एड किट की व्यवस्था की गयी है। **पिण्डवाडा–** पालिका द्वारा कार्यरत श्रमिकों, परिषद सफाई कार्मिको एवं रैन बसेरो में ओआर. एस. एवं फर्स्ट एंड किट उपलब्ध करवा दिया गया हैं। **आबूरोड–** हिट वेव 2025 के मध्यनजर रखते हुए मुख्यमंत्री शहरी रोजगार गारण्टी योजना के अन्तर्गत लगे श्रमिकों हेतु पेय जल एवं मेडिकल किट उपलब्ध करवाया जाता हैं। **आबूपर्वत–** आयुपर्वत क्षेत्र पर पर्यटन क्षेत्र में गर्मी कम रहने के कारण टेकरों कि आवश्कता कम रहती

		है।
		शिवगंज:— नगर पालिका द्वारा पालिका क्षेत्र में रैन बसेरा की व्यवस्था पूर्व में कर दी गयी है जो वर्तमान में 24x7 संचालित है। **नगर परिषद सिरोही**— नगर परिषद द्वारा रेन बसेरों में पानी कैम्पर व फर्स्ट एड बॉक्स एवं ओ.आर.एस. की व्यवस्था की गयी है। **पिण्डवाड़ा**— पालिका द्वारा संचालित रैन बसेरा में पखे, कुलर एवं पेयजल एवं ठहरने की समुचित व्यवस्था की गई हैं। **आबूरोड**— हिट वेव 2025 के मध्यनजर नगरपालिका आबूरोड के कर्मचारियों एवं आमजन हेतु कार्यालय में ठण्डे पेय एवं छाया हेतु टेन्ट की व्यवस्था करवाई जा रही हैं। **आबूपर्वत**— आयुपर्वत क्षेत्र पर पर्यटन क्षेत्र में गर्मी कम रहने के कारण टेकरों कि आवश्कता कम रहती है।
15	उप निदेशक, महिला एवं बाल विकास विभाग, सिरोही	उप निदेशक, महिला एवं बाल विकास विभाग सिरोही के पत्रांकः राजकाज नम्बर 14872637 दिनांक 22.04.2025 अनुसार उनके कार्यालय के पत्रांकः 14871466 द्वारा अधीनस्थ कार्यालयों के बाल विकास परियोजना अधिकारियों को निर्देशित कर वर्तमान में चल रही हीटवेव के बचाव एवं रोकथाम हेतु जिले में संचालित आंगनवाडी केन्दों पर ठण्डे पेयजल, ओ.आर.एस. की व्यवस्था करने के साथ ही पक्षियों हेतु परिन्डे एवं चुग्गा पात्र लगाने की व्यवस्था सुनिश्चित की गई।
16	संयुक्त निदेशक, समाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, सिरोही	कूलरो की व्यवस्था की गई है।
		पेयजल की व्यवस्था की गई है। जिनका उपयोग आगन्तुकों एवं विभागीय कार्मिकों के लिये पर्याप्त है एव हीट वेव से बचाव लिये जारी दिशा निर्देशों की पालना की जा रही है।
		सभी अधिनस्थ कार्यालय/ छात्रावासों में परिंडे लगाकर पानी भरा जा रहा है।
		कार्यालय के आगे हैण्ड पम्प की सुविधा है जिसके आगे छोटा आवाडा बना हुआ है जिसे पानी से भरा जा रहा है।
		पूर्व की भाती इस वर्ष भी वृक्षारोपण करवाया जायेगा।
		कार्यालय में हीटवेव तथा सभी व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।
		छात्रावासों में छात्र/छात्राओं को हीटवेव से बचने की व्यवस्था है एवं बिजली/पानी की व्यवस्था है। दवाईया पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है।
17	रसद विभाग	जिले के समाज सेवी एवं समाज सेवी संस्थान आदि से सम्पर्क किया गया उनके द्वारा Heat Wave की स्थिति होने पर सार्वजनिक स्थल पर पानी के केम्पर रखवाने एवं छाछ वितरण Kiosks लगाने का आश्वासन प्रदान किया गया है। Heat Wave की स्थिति होने पर नियमानुसार उक्तानुसार कार्यवाही की जायेगी।
18	जल संसाधन खण्ड सिरोही	समस्त कार्यरत श्रमिकों/कर्मचारियों एवं संवेदकों के लिये कार्य स्थल पर छाया शीतल जल व अन्य पेय पदार्थ पर्याप्त मात्रा में रखवा दिये गये है।
19	जिला सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी, सिरोही	कार्यालय द्वारा जिले के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से प्रेस विज्ञपति जारी की गई एवं की जा रही है साथ ही मौसम विभाग की सूचनाओं को भी मिडिया में प्रसारित नियमित रूप से किया जा रहा है।


ओ.आर.एस
जिंक कार्नर



लू ताप घात
कक्ष ।

Galaxy S20 FE 5G

हीटवेव व भीषण गर्मी से राहत के लिए नगर पालिका ने लगवाए परिंडे व मटके

नवज्योति/पिंडवाड़ा। हीटवेव व भीषण गर्मी के चलते नगर पालिका पिण्डवाड़ा द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों पर लोगों के लिए पीने के लिए ठंडे पानी के मटके व पक्षियों के लिए परिंडे की व्यवस्था की गई। नगर पालिका पिण्डवाड़ा में अधिशाषी अधिकारी महेन्द्र कुमार राजपुरोहित के आदेशानुसार शहर के विभिन्न जगहों पर पालिका कर्मचारियों द्वारा लोगों के लिए पीने के लिए ठंडे पानी के मटके व पक्षियों के लिए परिंडे लगाकर पानी की व्यवस्था की गई। इस दौरान कनिष्ठ सहायक करण सिंह चारण, स्वास्थ्य निरीक्षक कमलेश भाटी, स्वच्छ भारत मिशन से एमआईएस विक्रम कुमार, कनिष्ठ तकनीकी सहायक धर्मपाल सैनी, शहरी रोजगार सहायक भरत कुमार व आदि उपस्थित थे।





कार्यालय
एवं
पंजीयक जन्म-मृत्यु
PARKING

स्वास्थ्य केंद्रों में आग की आपात स्थिति के दौरान

क्या करें और क्या नहीं करें

1. शांत रहें: घबराहट से स्थिति और खराब हो सकती है। जितना हो सके शांत रहें।
2. दूसरों को सचेत करें: पहले भागकर चिल्लाएँ या अलार्म बजाएँ ताकि परिसर में सभी लोग सचेत हो जाएँ।
3. मदद के लिए कॉल करें: आग की सूचना तुरंत देने के लिए आपातकालीन नंबर (112) डायल करें।
4. अग्निशामक यंत्र का उपयोग करें: यदि प्रशिक्षित हैं और ऐसा करना सुरक्षित है, तो आग को नियंत्रित करने के लिए अग्निशामक यंत्र का उपयोग करें।
5. दरवाजे बंद करें: क्षेत्र से बाहर निकलते समय, धुएँ और आग को फैलने से रोकने के लिए सभी दरवाजे और खिड़कियाँ बंद कर दें।
6. धुएँ से बचने के लिए नीचे रहें: हमेशा धुएँ से बचने के लिए नीचे लेट कर चलें, क्योंकि ताजी हवा जमीन के करीब होती है।
7. नाक और मुँह को ढँकें: सांस के माध्यम से धुएँ को अंदर लेने से बचने के लिए अपने मुँह को ढँकने की कोशिश करें, हो सके तो पानी से गीले रूमाल नाक तथा मुंह को ढक लें।
8. मुख्य सप्लाई बंद करें: स्वास्थ्य केंद्र के परिसर में स्थित ऑक्सीजन प्लांट के वाल्व को बंद करें तथा बिजली की सप्लाई को भी बंद करें।
9. प्रशिक्षित व्यक्ति के द्वारा मरीजों को बाहर निकालने का नेतृत्व करें: निकासी प्रक्रिया के लिए प्रशिक्षित कर्मचारियों को रोगी को सुरक्षित क्षेत्र में निकासी का नेतृत्व करना चाहिए।
10. तुरंत निकासी करें: निकटतम उपलब्ध निकास मार्ग का उपयोग करें।
11. लिफ्ट का उपयोग नहीं करें, सीढ़ियों का उपयोग करें: सीढ़ियों/रैंप का उपयोग करें, आग लगने की स्थिति में लिफ्ट का उपयोग न करें।
12. मदद के लिए चिल्लाएँ: यदि आप कमरे में फंस गए हैं, तो बचाव दल के साथ-साथ अन्य लोगों का ध्यान आकर्षित करने के लिए खिड़की से चिल्लाएँ।

1. अनावश्यक रूप से घबराएँ या चिल्लाएँ नहीं: घबराएँ नहीं, इससे भ्रम हो सकता है और निकासी में देरी हो सकती है। शांत रहें।
2. बिजली या तेल की आग पर पानी का उपयोग न करें: इससे बिजली का झटका लग सकता है या आग फैल सकती है।
3. आग के अलार्म को नजरअंदाज न करें: हर अलार्म को वास्तविक मानें और तुरंत निकासी करें।
4. इमारत में दोबारा प्रवेश न करें: एक बार बाहर निकलने के बाद, बाहर ही रहें। किसी भी कारण से जलती हुई इमारत/कमरे में कभी वापस न जाएँ।
5. आग और धुएँ की जाँच करने के लिए दरवाजे न खोलें: आग और धुएँ की जाँच करने के लिए दरवाजे न खोलें क्योंकि बंद होने पर वे आग और धुएँ के फैलाव को सीमित करते हैं।
6. गर्म दरवाजे न खोलें: अपने हाथ से ही दरवाजे की जाँच करें। अगर वे गर्म हैं, तो उन्हें न खोलें।
7. आग से बाहर निकलने के रास्ते न रोकें: सीढ़ियों, गलियारों और लॉबी में अव्यवस्था न करें क्योंकि वे आपके भागने के रास्ते हैं।
8. निकासी में देरी न करें: आग की आपात स्थिति में हर सेकंड मायने रखता है।
9. अकेले बड़ी आग से लड़ने की कोशिश न करें: अगर आग नियंत्रण से बाहर हो जाए, तो बाहर निकलें और आग बचावदल को इसे संभालने दें।
10. सामान इकट्ठा करने में समय बर्बाद न करें: जीवन, संपत्ति से अधिक महत्वपूर्ण है।

उपखण्ड प्रशासन सिरोही

लू तापघात की स्थिति में

नियोक्ताओं और कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य सलाह

[illegible]

नियोक्ताओं के लिए

- [illegible] कार्यस्थल पर पूरे कार्यदिवस में ठंडे पीने के पानी की पहुँच सुनिश्चित करें। उन्हें हाइड्रेटेड रहने के लिए हर 20 मिनट या उससे अधिक बार एक कप पानी पीने के लिए प्रोत्साहित करें।
- [illegible] पानी व बिजली की लगातार आपूर्ति सुनिश्चित करें।
- [illegible] [illegible] उपलब्ध करें जहाँ कर्मचारी ब्रेक के समय आराम कर सकें। [illegible]
- [illegible] दिन के ठंडे समय यानी सुबह और शाम के घंटों में बदलाव करें।
- [illegible] बाहरी गतिविधियों के लिए विश्राम अवकाश की आवृत्ति और अवधि बढ़ाएँ – [illegible]
- [illegible]
  - कार्यस्थल पर तापमान और पूर्वानुमान प्रदर्शन स्थापित करें।
  - स्थानीय मौसम समाचारों के लिए रेडियो सुनें, टीवी देखें और समाचार पत्र पढ़ें और तदनुसार कार्य करें।
  - भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) की वेबसाइट https://mausam-imd-gov-in/ पर मौसम का नवीनतम अपडेट प्राप्त करें।
- [illegible] गर्मी से संबंधित बीमारियों को पहचानने और प्राथमिक हस्तक्षेप के महत्व पर श्रमिकों को प्रशिक्षित करें और एक मित्र प्रणाली शुरू करें क्योंकि लोगों को अपने लक्षणों को नोटिस करने की संभावना नहीं है।
- [illegible]
  - कर्मचारियों के लिए जागरूकता अभियान आयोजित करें।
  - अत्यधिक गर्मी के स्वास्थ्य प्रभावों और उच्च तापमान के दौरान खुद को बचाने के लिए विधियों के बारे में सूचनात्मक पर्चे वितरित करें।
  - प्रशिक्षित कर्मचारी, गर्मी से संबंधित बीमारी की स्थिति में प्रशिक्षित प्राथमिक चिकित्सा प्रदाता उपलब्ध होने चाहिए।
- [illegible] गर्मी से संबंधित बीमारी की स्थिति में योजना लागू होनी चाहिए।
- [illegible] जहाँ संभव हो, शारीरिक परिश्रम कम करें या ठंडे वातावरण में अधिक बार ब्रेक लें।
- [illegible] सीधे धूप या गर्म वातावरण के संपर्क में आने वाले श्रमिकों के लिए हल्के कपड़ों के विकल्प या वर्दी पर विचार करें।
- [illegible] ओरल रिहाइड्रेशन साल्ट (ओआरएस), ग्लूकोज और प्राथमिक चिकित्सा किट तैयार रखें।

श्रमिकों के लिए

- [illegible] दिन भर खूब पानी पिएँ, भले ही आपको प्यास न लगे।
- [illegible] छायादार या ठंडे क्षेत्रों में अक्सर आराम करें। यदि संभव हो तो लंबे समय तक धूप में रहने से बचें।
- [illegible] गर्मी से संबंधित बीमारी, बहुत ज्यादा पसीना आना, कमजोरी, चक्कर और हीटस्ट्रोक जैसे, भ्रम, गर्म और शुष्क त्वचा के लक्षणों से अवगत रहें। किसी भी लक्षण की तुरंत रिपोर्ट करें।
- [illegible]
  - शरीर को ढक कर रखें।
  - उचित पोशाक पहनें: हल्के कपड़े पहनें, कोशिश करें कि लंबी आस्तीन वाली शर्ट और पैंट, सूती जैसे प्राकृतिक सामग्री से बने हल्के रंग के और ढीले-ढाले कपड़े आपको सीधे धूप के संपर्क में आने से बचाने और आपके शरीर को ठंडा रखने में मदद करते हैं।
  - धूप से बचाव का उपयोग करें: अपने सिर को ढकें – सीधे धूप के संपर्क में आने पर छाता, टोपी, तौलिया और अन्य पारंपरिक सिर को ढकने हेतु उपयोग करें।
  - धूप में बाहर जाते समय जूते या चप्पल पहनें।
- [illegible] गर्भवती कर्मचारी और किसी चिकित्सा स्थिति वाले कर्मचारी या कुछ दवाएँ लेने वाले कर्मचारियों को गर्मी में काम करने के बारे में अपने चिकित्सकों से चर्चा करनी चाहिए।
- [illegible] सहकर्मियों में गर्मी से संबंधित बीमारी के लक्षणों पर नजर रखें और किसी भी चिंता की सूचना पर्यवेक्षकों को दें।

उपखण्ड प्रशासन सिरोही

लू तापघात की स्थिति में आमजन के लिए

क्या करें और क्या नहीं करें

हाइड्रेटेड रहें –

ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्यूशन (ओआरएस) का उपयोग करें, और नींबू पानी, छाछ/लस्सी, नमक मिलाए गए फलों के रस जैसे घर के बने पेय पदार्थों का सेवन करें।



तरबूज, खरबूजा, संतरा, अंगूर, अनानास, खीरा, सलाद या अन्य स्थानीय रूप से उपलब्ध फल जैसे उच्च जल सामग्री वाले मौसमी फल व सब्जियाँ खाएँ।

जब भी संभव हो, पर्याप्त पानी पिएँ, भले ही आपको प्यास न लगी हो। प्यास निर्जलीकरण का अच्छा संकेत नहीं है।

यात्रा करते समय पीने का पानी साथ रखें।

शरीर को ढककर रखें–

* हल्के रंग के पतले ढीले, सूती कपड़े पहनें।
* अपने सिर को ढकें, सीधे धूप में निकलने पर छाता, टोपी, तौलिया और अन्य पारंपरिक सिर को ढकने वाले कपड़ों का उपयोग करें।
* धूप में बाहर जाते समय जूते या चप्पल पहनें।

सतर्क रहें–

स्थानीय मौसम की खबरों के लिए रेडियो सुनें, टीवी देखें और अखबार पढ़ें और उसके अनुसार काम करें।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) की वेबसाइट पर मौसम का ताजा अपडेट की जानकारी लेते रहें। www.mausam.imd.gov.in

जितना संभव हो सके घर के अंदर/छाया में रहें-

- ☐ हवादार और ठंडी जगहों पर रहें।
- ☐ सीधी धूप और गर्म की हवा को रोकें।
- ☐ दिन के दौरान खिड़कियाँ और पर्दे बंद रखें, खास तौर पर अपने घर के धूप वाले हिस्से में। ठंडी हवा अंदर आने के लिए रात में उन्हें खोलें।
- ☐ अगर बाहर जा रहे हैं, तो अपनी बाहरी गतिविधियों को दिन के ठंडे समय यानी सुबह और शाम तक सीमित रखें।
- ☐ दिन के ठंडे हिस्सों के दौरान बाहरी गतिविधियों को फिर से शेड्यूल करें या योजना बनाएँ।

अतिजोखिम आबादी के लिए-

हालाँकि कोई भी व्यक्ति कभी भी गर्मी के तनाव और गर्मी से संबंधित बीमारी से पीड़ित हो सकता है, लेकिन कुछ लोगों को दूसरों की तुलना में ज्यादा जोखिम होता है और उन्हें अतिरिक्त ध्यान दिया जाना चाहिए-

- ☐ शिशु, छोटे बच्चे और गर्भवती महिलाएँ
- ☐ बुजुर्ग (60+ वर्ष के बुजुर्ग), वयस्क
- ☐ मानसिक या शारीरिक रूप से बीमार, खास तौर पर हृदय रोग या उच्च रक्तचाप से पीड़ित।
- ☐ किसान, बाहरी साइट पर काम करने वाले श्रमिक, ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी, खास तौर पर यातायात नियंत्रण और बाहरी सुरक्षा में, फेरीवाले।
- ☐ ठंडी जलवायु से गर्म जलवायु में आने वाले यात्रियों को अपने शरीर को गर्मी के अनुकूल होने के लिए एक सप्ताह का समय देना चाहिए, अधिक परिश्रम से बचना चाहिए और खूब पानी पीना चाहिए। गर्म वातावरण में धीरे-धीरे संपर्क/शारीरिक गतिविधि में वृद्धि (10-15 दिनों से अधिक) करके अनुकूलन प्राप्त किया जाता है।

अन्य सावधानियां-

- ☐ अकेले रहने वाले बुजुर्ग या बीमार लोगों के स्वास्थ्य की दैनिक आधार पर निगरानी की जानी चाहिए।
- ☐ घर को ठंडा रखें, पर्दे, शटर या सनशेड का उपयोग करें और रात में खिड़कियाँ खोलें।
- ☐ दिन के समय निचली मंजिलों पर रहने की कोशिश करें।
- ☐ शरीर को ठंडा रखने के लिए पंखे, स्प्रे की बोतलें, नम कपड़े, ठंडे तौलिये का इस्तेमाल करें।
- ☐ शरीर से ऊपर 20 डिग्री सेल्सियस के पानी में पैर डुबोने से निर्जलीकरण और ताप संबंधी परेशानी कम होती है और यह तेजी से ठंडक प्रदान करता है।

⊗ क्या नहीं करें

- ☒ नंगे पैर बाहर न निकलें।
- ☒ उच्च प्रोटीन वाले भोजन से बचें और बासी भोजन न खाएं।
- ☒ दोपहर में बाहर निकलने पर ज्यादा मेहनत करने वाली गतिविधियों से बचें।
- ☒ धूप में बाहर निकलने से बचें, खासकर दोपहर 12.00 बजे से 03.00 बजे के बीच।
- ☒ बच्चों या पालतू जानवरों को खड़े किए गए वाहन में न छोड़ें। वाहन के अंदर का तापमान खतरनाक स्थिति में हो सकता है।
- ☒ अत्यधिक गर्मी के दौरान खाना पकाने से बचें। खाना पकाने के क्षेत्र में पर्याप्त रूप से हवादार करने के लिए दरवाजे और खिड़कियाँ खोलें।
- ☒ शराब, चाय, कॉफी और कार्बोनेटेड शीतल पेय या अधिक मात्रा में चीनी वाले पेय से बचें- क्योंकि ये वास्तव में शरीर के अधिक तरल पदार्थ को खो देते हैं या पेट में ऐंठन पैदा कर सकते हैं।

उपखण्ड प्रशासन सिरोही

लू तापघात की स्थिति में

स्कूलों व महाविद्यालयों के लिए स्वास्थ्य सलाह

गर्मियों के दौरान बढ़ते तापमान से गर्मी से संबंधित बीमारियाँ हो सकती हैं, जैसे कि गर्मी से थकावट, ऐंठन और हीट स्ट्रोक। स्कूलों और कॉलेजों को छात्रों और कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए निवारक उपाय करने चाहिए।

स्कूल का समय बदलें

- ☐ स्कूल जल्दी शुरू करें और अत्यधिक गर्मी के घंटों (दोपहर 12 बजे से पहले) में बदलाव करें
- ☐ सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे के बीच बाहरी गतिविधियों (जैसे, खेल, असेंबली) से बचें



उचित जलयोजन सुनिश्चित करें

जल तथा पेय पदार्थों की व्यवस्था सुनिश्चित करें

- ☐ स्वच्छ और ठंडा पीने का पानी उपलब्ध कराएँ
- ☐ छात्रों को बार-बार पानी पीने के लिए प्रोत्साहित करें
- ☐ मीठे और कैफीन युक्त पेय पदार्थों से बचें

कक्षा के माहौल को अनुकूल बनाए

- ☐ कार्यशील एसी/पंखे/डेजर्ट कूलर और उचित वेंटिलेशन का उपयोग करें।
- ☐ अगर एयर कंडीशनिंग उपलब्ध नहीं है तो क्रॉस-वेंटिलेशन के लिए खिड़कियाँ और दरवाज़े खुले रखें।
- ☐ कक्षाओं में भीड़भाड़ से बचें।



ड्रेस कोड और सुरक्षा

- ☐ हल्के, हल्के रंग के और ढीले-ढाले सूती कपड़े पहनने को प्रोत्साहित करें।
- ☐ छात्रों को धूप में निकलने पर टोपी/कैप पहननी चाहिए और छाता साथ रखना चाहिए।



स्वास्थ्य निगरानी व प्राथमिक उपचार

- ☐ शिक्षकों और कर्मचारियों को गर्मी से संबंधित बीमारियों को पहचानने और समय रहते हस्तक्षेप करने के महत्व के बारे में प्रशिक्षित किया जाना चाहिए।
- ओआरएस, ग्लूकोज व प्राथमिक उपचार किट तैयार रखें।
- यदि किसी छात्र में गर्मी से थकावट के लक्षण हों (जैसे, चक्कर आना, मतली, बहुत पसीना आना, सिरदर्द), तो उसे ठंडी जगह पर ले जाएँ, पानी/ ओआरएस दें और जरूरत पड़ने पर चिकित्सकीय सहायता लें।

सतर्क रहें -

- ✱ स्कूल में तापमान और पूर्वानुमान डिस्प्ले लगाएँ।
- ✱ स्थानीय मौसम की खबरों के लिए रेडियो सुनें, टीवी देखें और समाचार पत्र पढ़ें और उसके अनुसार कार्य करें।
- ✱ भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) की वेबसाइट https://mausam.imd.gov.in पर मौसम का नवीनतम अपडेट प्राप्त करें।

आपातकालीन प्रतिक्रिया योजना-

- ✱ त्वरित चिकित्सा सहायता के लिए आपातकालीन संपर्क नंबर व जनस्वास्थ्य केंद्रों की लिंक सेट करें।

सरकार और स्थानीय प्रशासन का सहयोग करें-

- ☐ स्कूलों को स्वास्थ्य मार्गदर्शन के लिए स्थानीय जन स्वास्थ्य केंद्रों के साथ समन्वय करना चाहिए।
- ☐ भारतीय मौसम विज्ञान विभाग द्वारा जारी आधिकारिक हीटवेव चेतावनियों का पालन करें।



माता-पिता के लिए सलाह-

- ✱ माता-पिता को सलाह दें कि वे घर से निकलने से पहले सुनिश्चित करें कि बच्चे अच्छी तरह से हाइड्रेटेड हैं।
- ✱ फलों और सब्जियों के साथ हल्का भोजन करने के लिए प्रोत्साहित करें।
- ✱ अगर बच्चे गर्मी के कारण अस्वस्थ महसूस कर रहे हैं तो उन्हें स्कूल न भेजें।

उपखण्ड प्रशासन सिरोही

-: आम सूचना :-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य सरकार द्वारा ग्रीष्म ऋतु में हीटवेव की स्थिति के प्रभावी शमन और प्रबन्धन के लिए लू एवं ताप से बचाव के संबंध मे निर्देश प्रदान किये गये हैं:-

उक्त कार्य किये जाये :-

01. पर्याप्त पानी पियें अपने आपको हाइड्रेटेड रखने के लिए ओआरएस (ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्यूसन) घर के बने पेय जैसे लस्सी, नींबू का पानी, छाछ आदि का सेवन करें।
02. हल्के रंग के ढीले, सूती कपडे पहने।
03. यदि कहीं बाहर है, तो अपना सिर ढके कपड़े, टोपी या छतरी का प्रयोग करें। आंखो की सुरक्षा के लिए धूप के चश्मे का प्रयोग करे और त्वचा की सुरक्षा के लिए सनस्कीन लगायें।
04. प्राथमिक चिकित्सा में प्रशिक्षण ले।
05. कार्यस्थल पर ठंडे पेयजल का प्रबंध करें।
06. सभी श्रमिकों आराम के लिए छाया, साफ पानी, छाछ, आईस पैक के साथ प्राथमिक चिकित्सा
07. किट और ओआरएस (ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्यूसन) का प्रबंध रखें।
08. श्रमिकों के लिए सीधी धूप से बचने के लिए कहे।
09. श्रमिकों को लू से संबंधित चेतावनी के बारे में सूचित करें।
10. जिन श्रमिकों के लिए गर्मी वाले क्षेत्र नए हो, उन्हें हल्का काम और कम घंटों का काम दें।
11. बंद वाहन में बच्चों या पालतू जानवरों का कभी अकेला ना छोडे।
12. सार्वजनिक परिवहन और कार-पूलिंग का उपयोग करे। यह भूमण्ड लिए उष्मीकरण और गर्मी को कम करने में मदद करेगा।
13. पेड लगाये, सूखी पत्तियों, कृषि अवशेषों और कचरे को न जलाऐं।
14. जल स्त्रोतों का संरक्षण करें, वर्षा के जल को संचयित करें।
15. उर्जा-कुशल उपकरणों, स्वच्छ ईंधन और उर्जा के वैकल्पिक स्त्रोतों का उपयोग करे।
16. पशुओं को छाया में रखे और उन्हें पीने के लिए पर्याप्त, स्वच्छ और ठंडा पानी दें।
17. मवेशियों को हरी घास, प्रोटीन वसा बाई-पास पूरक, खनिज मिश्रण और नमक दें, कम गर्मी वाले घंटो के दौरान उन्हें चरने दें।

उक्त कार्य नहीं किये जायें :-

01. धूप में बाहर जाने से बचे, खासकर दोपहर 12 से 03 बजे के मध्य नंगे पाव बाहर न जायें।
02. शराब, चाय, कॉफी और कॉर्बोनेटेड शीतल पेय से बचें। वे शरीर को निर्जलित करते है।
03. पार्क किए गए वाहनों में बच्चों या पालतू जानवारों को न छोडे, वे गर्म हवा से प्रभावित हो सकते है।
04. ऐसे बल्बों का उपयोग करने से बचे जो अनावश्यक गर्मी उत्पन्न करते है, ठीक वैसे ही जैसे कि लगातार चलते हुए कम्प्यूटर या बिजली के उपकरण।

निवेदक :- कार्यालय नगरपालिका आबूरोड जिला-सिरोही